ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 12-10-2021

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-10-12 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-10-13	2021-10-14	2021-10-15	2021-10-16	2021-10-17
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	33.0	33.0	33.0	33.0	34.0
न्यूनतम तापमान(से.)	20.0	20.0	20.0	21.0	22.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	85	80	75	70	75
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	60	55	55	50	55
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	8.0	8.0	6.0	6.0
पवन दिशा (डिग्री)	310	310	310	70	120
क्लाउड कवर (ओक्टा)	1	1	2	1	2

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (5 से 11 अक्टूबर) में 0.0 मिमी वर्षा होने व आसमान साफ रहने के साथ कहीं-कहीं मध्यम बादल छायें रहें। अधिकतम तापमान 32.5 से 33.5 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 21.4 से 23.9 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 83 से 95 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 51 से 61 प्रतिशत एवं हवा 0.8 से 1.7 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा से चली। आगामी पांच दिनों में वर्षा की सम्भावना नहीं है तथा कहीं-कहीं आंशिक बादल छाये रहेंगे। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमशः 33.0 से 34.0 व 20.0 से 22.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा। हवा के 6.0-8.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व-उत्तर-पूर्व व पश्चिम-उत्तर-पश्चिम से चलने का अनुमान है।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" डाउनलोड करें। मेघदूत ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है| भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि उधम सिंह नगर के लिए एनडीवीआई 0.3 से 0.5 के बीच है| यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम से अच्छी है तथा एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों से उधम सिंह नगर जिले में हल्की सूखे की की स्थिति दर्शाता है।

लघु संदेश सलाहकार:

किसान भाई, रबी मे मुख्य दलहनी फसलों चना, मसूर तथा मटर की बुवाई अक्टूबर के दूसरे पखवाड़े में कर सकते है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
रेपसीड	सितम्बर में बोई गई तोरिया की फसल में जमाव के 15 दिन बाद बिरलीकरण द्वारा घने एवं कमजोर पौधो को निकालकर पौधे से पौधे की दूरी 10-15 सेमी करना चाहिए। बुवाई के 25-30 दिन बाद एक सिंचाई करें तथा सिंचाई के 4-5 दिन बाद जब खेत चलने लायक होने पर बची आधी नत्रजन की टॉप ड्रेसिंग करे।
चना	चने की बुवाई हेतु, छोटे दाने वाली फसलों-पंत जी-114, डी.सी.पी.-92-3, जी.एन.जी.-1581, आधार, आर.एस.जी. 963,मध्यम आकार दाने वाली पंत जी-186, पूसा 547, पंत जी 3, पंत जी 4, पंत जी 5, मोट दाने वाली -पूसा-256 तथा काबुली चना - पंत काबुली चना-1, 2, पूसा 1003, पूसा 1053, जे.जी.के.1 में से एक का चुनाव कर सकते है।
गन्ना	गन्ना की नौलख फसल में कंडुवा ग्रसित पौंधो को निकालकर जला दें। फसल में आवष्यकतानुसार हल्की सिंचाई दें। शरदकालीन गन्ने की बुवाई पूर्ण कर लें एवं अन्य सस्य क्रियायें संस्तुति अनुसार करें।
मक्का	फसल पकने पर भुट्टो को ढकने वाली पत्तियॉ पीली होने लगती है। इस अवस्था पर कटाई कर लें।
बरसीम	अक्टूबर माह के इस प्रथम पखवाड़े में बरसीम की बुवाई पूर्ण करें।
सरसों	खेत के खाली होने पर राई एवं पीली सरसो की बुवाई पूर्ण करें।
चावल	किसान भाई धान की अगेती बोई गई तैयार फसल की कटाई करें। मध्यम व देर से बोई गई फसलों की नियमित निगरानी करते रहें।
धनिया	इस समय धनिये की बुवाई कर सकते है।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
चुकंदर	जे किसान भाई तराई क्षेत्र में चुकन्दर की बुवाई करना चाहते है वह इस माह बुवाई कर सकते है।
आलू	आलू की अगेती किस्मों की बुवाई करें।
गोभी	जो किसान भाई, पत्ता गोभी व गांठ गोभी की खेती करते है और उन्होनें बीज नही बोया है वो जल्द से जल्द बीज की बुवाई करें।
सब्जी पीईए	किसान भाई सब्जी मटर की बुवाई भी कर सकते है।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	ज्यादातर भैस इस माह मदकाल में आते हैं। इसलिए पशुओं में मदकाल के लक्षणों का सुबह-शाम नियमित रुप से निरीक्षण करें, ताकि पशु का मदकाल बिना गर्भ धारण के निकल न जायें।
गाय	ज्यादातर गाय इस माह मदकाल में आते हैं। इसलिए पशुओं में मदकाल के लक्षणों का सुबह-शाम नियमित रुप से निरीक्षण करें, ताकि पशु का मदकाल बिना गर्भ धारण के निकल न जायें।